मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-439
03/12/2019

बायोफ्लॉक विधि से मत्स्य पालन को बढ़ावा दिया जायेगा :– मुख्यमंत्री

पटना, 03 दिसम्बर 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जल–जीवन–हरियाली जागरूकता सम्मेलन में भाग लेने के पश्चात पश्चिम चम्पारण जिले के मंझौलिया प्रखण्ड पहुँचे। मुख्यमंत्री ने यहॉ परसा बरवा पंचायत के बघंवरपुर में किसान श्री देवानंद सिंह द्वारा बायोफ्लॉक विधि से किये जा रहे मत्स्य पालन का अवलोकन किया। अवलोकन के पश्चात मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में बायोफ्लॉक विधि से मत्स्य पालन को बढ़ावा दिया जायेगा। उन्होंने पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की सचिव श्रीमती एन0 विजयालक्ष्मी एवं जल संसाधन विभाग के सचिव श्री संजीव हंस को इस संबंध में अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

मौके पर मौजूद पश्चिमी चम्पारण के जिलाधिकारी डॉ0 निलेश रामचंद्र देवरे ने मुख्यमंत्री को बताया कि कम जगह में इस विधि से मछली की अच्छी पैदावार की जा रही है। किसान श्री देवानंद सिंह ने इसे उदाहरण के रुप में पेश किया है लेकिन इस विधि को अपनाने से कम खर्च में किसान मछली की अच्छी पैदावार कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की ओर से बायोफ्लॉक विधि पर लगायी गयी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

इस अवसर पर विधायक श्री प्रकाश राय, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री गुप्तेश्वर पाण्डेय, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, सचिव पशु एवं मत्स्य संसाधन श्रीमती एन0 विजयालक्ष्मी, आयुक्त तिरहुत प्रमण्डल श्री पंकज कुमार, सचिव जल संसाधन श्री संजीव हंस, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी पश्चिमी चम्पारण डॉ0 निलेश रामचंद्र देवरे सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

******